एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

श्री विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 11 जून 2026, वर्ष

PAGE NO.- 06 : TOP

आईएससीसीएम के जनरल सेक्रेटरी चुने गए डॉ.ललित सिंह

बरेली, अमृत विचार: एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित क्रिटिकल केयर एवं रेस्पिरेटरी मेडिसिन के हेड वरिष्ठ पल्मोलाजिस्ट डा.ललित सिंह ने इंडियन सोसायटी आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी चुनाव में जीत हासिल की। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह ने बताया कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड व इंग्लैंड जैसे कई देशों के सदस्यों से मिले समर्थन से हासिल यह उपलब्धि डा. ललित सिंह केशानदार प्रोफेशनल कद और नेतृत्व क्षमता को दर्शाती है। डा.ललित सिंह ने कहा कि मेरी कोशिश होगी कि मैं भविष्य में क्रिटिकल केयर की उन्नति, उत्कृष्टता और मरीजों के उपचार को बेहतर बनाने की दिशा में योगदान दे सकूं।